# उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी,

## गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक : 170/स0ना0स0 दिनांकः

विगत वर्षों की भाँति वर्ष 2024–25 में अकादमी द्वारा सम्भागीय स्तर पर तीन सम्भागीय नाट्य समारोहों का आयोजन प्रदेश के विभिन्न जनपदों में किया जाना प्रस्तावित है। नाटकों की गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण प्रदेश से नाट्य–संस्थाओं के आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं।

**सम्भागीय/ प्रादेशिक नाट्य समारोह के नियम**

1. सम्भागीय नाट्य समारोह में सिर्फ उ0प्र0 की रजिस्टर्ड नाट्य संस्थाओं से ही आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं।
2. सम्भागीय नाट्य समारोहों हेतु उन्हीं संस्थाओं के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जिनकी संस्था के रजिस्ट्रेशन को तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हों। (प्रमाण–पत्र की नवीनतम प्रति संलग्न करें)
3. अकादमी द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सम्भागीय नाट्य समारोह हेतु रू0 500/–(रूपए पाँच सौ) मात्र के बैंक ड्राफ्ट जो कि **'निदेशक, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी'** के पक्ष में देय हो संलग्न करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन–पत्र अकादमी कार्यालय तथा अकादमी की वेबसाइट www.upsna.ac.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित समस्त संलग्नक अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण आवेदन–पत्रों अथवा वांछित संलग्नकों के अभाव में आवेदन–पत्र स्वतः निरस्त माने जाएंगे।
5. प्रस्तावित नाट्य प्रस्तुति का वीडियो/वीडियो लिंक अकादमी की मेल आई.डी drama@upsna.ac.in पर संस्था/व्यक्ति के नाम/ फोन/मोबाइल नं0 के साथ भेजें, संस्था का नाम तथा पूर्ण विवरण न होने पर वीडियो निरस्त मानी जाएगी।
6. निर्धारित तिथि के उपरान्त अथवा वीडियो/वीडियो लिंक प्राप्त न होने वाले आवेदन–पत्रों को स्वतः निरस्त माना जाएगा।
7. अकादमी द्वारा तीन सम्भागीय नाट्य समारोह आयोजित कराए जाएंगे। प्रत्येक सम्भागीय नाट्य समारोह हेतु चार नाट्य संस्थाओं के नाटकों के चयन का निर्णय अकादमी द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा।
8. प्रत्येक नाट्य दल में मंच पर भाग लेने वाले कलाकारों तथा नेपथ्य कलाकारों सहित (जिसमें निर्देशक भी सम्मिलित होंगें) अधिकतम 20 सदस्य होंगे।

9. प्रत्येक दल को प्रस्तुति हेतु मानदेय, दल के प्रत्येक सदस्य को यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता तथा आवास भत्ते का भुगतान अकादमी के नियमानुसार किया जाएगा।
10. प्रेक्षागृह, प्रचार–प्रसार आदि की व्यवस्था अकादमी अथवा सहयोगी संस्था द्वारा कराई जाएगी।
11. सेट, प्रकाश एवं ध्वनि उपकरण स्थानीय स्तर पर उपलब्धता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। यदि संस्था को किसी विशिष्ट प्रकाश एवं ध्वनि उपकरण एवं इफेक्ट की आवश्यकता होती है तो उसकी व्यवस्था संस्था को स्वयं करनी होगी।
12. नाट्य प्रस्तुति से सम्बन्धित आवश्यक विशिष्ट मंच–सामग्री, हैन्ड प्रॉप की व्यवस्था संस्था को स्वयं करनी होगी।
13. सम्भागीय नाट्य समारोह के प्रत्येक सम्भाग में मंचित चार नाट्य प्रस्तुतियों में से एक सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को प्रादेशिक नाट्य समारोह में आमन्त्रित किया जाएगा। इस हेतु एक समीक्षक (Observer) को आमन्त्रित किया जाएगा जो वरिष्ठ रंगकर्मी/अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत होंगें। समीक्षक तथा स्थानीय दर्शकों के आकलन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नाट्य प्रस्तुति को प्रादेशिक नाट्य समारोह हेतु आमन्त्रित किया जाएगा।
14. अकादमी द्वारा सम्भागीय नाट्य समारोह में प्रदर्शन करने वाली संस्था आगामी दो वर्ष के लिए सम्भागीय नाट्य समारोह में सम्मिलित नहीं की जाएगी।
15. विशेष परिस्थितियों में नियम एवं शर्तों को शिथिल करने का अधिकार अकादमी द्वारा सुरक्षित है।
16. **आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 14 अक्टूबर, 2024 है।**

निदेशक

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी,

लखनऊ

## प्रादेशिक नाट्य समारोह

पूर्व में अकादमी द्वारा आयोजित सम्भागीय नाट्य समारोह की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को चयनित कर राज्य नाट्य समारोह का आयोजन किया जाता था, किन्तु सम्भागीय के पश्चात् प्रदेश स्तर का प्रादेशिक नाट्य समारोह होना समीचीन है। प्रादेशिक नाट्य समारोह में पूर्व की भाँति सम्भागीय नाट्य समारोह से स्थानीय समीक्षक (Observer) तथा स्थानीय दर्शकों के आकलन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों को आमन्त्रित कर तीन दिवसीय प्रादेशिक नाट्य समारोह का आयोजन प्रदेश के किसी एक ज़िले में कराया जाएगा। इसी क्रम में राज्य नाट्य समारोह का नया प्रारूप प्रस्तुत किया जाएगा।

### प्रादेशिक नाट्य समारोह के नियम :–

1. सम्भागीय नाट्य समारोहों की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को प्रादेशिक नाट्य समारोह हेतु आमन्त्रित किया जाएगा।
2. सम्भागीय नाट्य समारोह की नियमावली के क्रमांक 8,9,10,11 तथा 12 के अनुरूप ही प्रादेशिक के नियम रहेंगे।
3. प्रादेशिक नाट्य समारोह की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को राज्य नाट्य समारोह में कराए जाने पर विचार किया जाएगा।
4. प्रादेशिक नाट्य समारोह से राज्य नाट्य समारोह हेतु स्थानीय दर्शकों एवं समीक्षक (Observer) के आकलन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नाट्य प्रस्तुति को आमन्त्रित किया जाएगा।
5. विशेष परिस्थिति में नियम एवं शर्तों को शिथिल करने का अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित है।

निदेशक
उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी,
लखनऊ

# उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ

## सम्भागीय नाट्य समारोह हेतु प्रपत्र

1. प्रस्तावकर्ता संस्था का परिचय–वृत्त ..........................................................
   क) प्रस्तावकर्ता संस्था का नाम एवं ..........................................................
   प्रत्र–व्यवहार का पता (कृपया पता स्पष्ट लिखें) ..........................................................
   पिन कोड.............................मोबाइल..........................................
   ख) पदाधिकारियों के नाम अध्यक्ष ..........................................................
   मोबाइल नं0 ..........................................................
   मेल आई.डी. ..........................................................
   ..........................................................
   ..........................................................
   ग) संस्था की स्थापना तिथि ..........................................................
   घ) पंजीकरण संख्या एवं वर्ष ..........................................................
   **(प्रमाण–पत्र की नवीन फोटोप्रति संलग्न करें)**
   ख) आवेदक संस्था का संविधान एवं पिछले पाँच वर्षों का सारगर्भित इतिवृत्त एवं मंचित नाटकों का विवरण निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार संलग्न करें। उक्त के साथ समाचार पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचार/समीक्षा आदि की प्रतियां भी संलग्न करें।

| क्र.सं. | नाटक | लेखक/रूपांतरकार/निदेशक | प्रदर्शन स्थल | वर्ष | प्रदर्शन संख्या | प्रस्तुति की विधा |
|---|---|---|---|---|---|---|

(विवरण सादे काग़ज पर उपरोक्तानुसार संलग्न करें)।

---

2. आवेदक संस्था द्वारा सम्भागीय नाट्य समारोह हेतु प्रस्तावित एक सर्वश्रेष्ठ नाट्य–प्रस्तुति का (नाट्य प्रदर्शन से सम्बन्धित स्मारिका, फोटोग्राफ, नाटक की वीडियो/वीडियो लिंक, समाचार–पत्रों की टिप्पणियों एवं अन्य) विवरण निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार संलग्न करें।

| प्रस्तावित नाटक | लेखक/रूपांतरकार | निर्देशक का नाम | वर्ष | प्रदर्शन संख्या | प्रस्तुति की विधा (यदि हो तो) |
|---|---|---|---|---|---|

---

3. **वीडियो लिंक** ..........................................................
4. प्रस्तावित नाटक के निर्देश का परिचय वृत्त ..........................................................
   क) नाम.................................................... जन्मतिथि ..........................................
   ख) पता एवं फोन नं0 ..........................................................
   घ) निर्देशक का विस्तृत परिचय–वृत्त एवं अद्यतन..........................................................
   निर्देशित प्रस्तुतियों का विवरण संलग्न करें..........................................................
5. अन्य विवरण (अलग से संलग्न करें)
   क) संस्था द्वारा प्राप्त पुरस्कारों का विवरण।
   ग) क्या संस्था ने किसी अन्य समारोह में भाग लिया है?
   घ) अन्य विवरण जो संस्था के हित में हो।

6. अकादमी के विगत नाट्य–समारोहों में संस्था की प्रस्तुतियों का विवरण :

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

8. बैंक ड्राफ्ट संख्या.......................................................................... दिनांक..........................................................................
अदाकर्ता बैंक का नामः..........................................................................................................................................

## घोषणा

उपर्युक्त सारी सूचनाये सत्य हैं। किसी भी दशा में विवरण गलत सिद्ध होने पर हमें नाट्य समारोह से अलग किया जा सकता है। सम्भागीय/राज्य नाट्य समारोह के सभी नियम एवं शर्तें हमें स्वीकार हैं।

संस्था की मोहर | हस्ताक्षर निर्देशक | हस्ताक्षर अध्यक्ष/सचिव

टिप्पणी : विवरण देते समय आवश्यकतानुसार सादे कागज़ पर पृथक सूचनायें सख्या देते हुए संलग्न करें संलग्न सूचनायें अध्यक्ष/सचिव से मोहर हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है।